दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

सर्वोच्च न्यायालय सोलह अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम, दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। केंद्र ने कल इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट पिटीशन दाखिल किया है। कैविएट पिटीशन वादी यह सुनिश्चित करने के लिए दाखिल करता है कि बिना उसका पक्ष सुने उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया जाए।

————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। इसके अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार पर वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में नौ सौ चौवन करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बिहार में पिछले दस वर्ष में उनतीस लाख से अधिक खाते खोले गये हैं। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में भारतीय स्टेट बैंक, पटना के प्रधान कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अरूण कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश में बाईस हजार करोड़ से अधिक की राशि लोन के माध्यम से वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना से प्रदेश में चार करोड़ के अधिक महिलाओं उद्यमियों ने ऋण प्राप्त किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य

में यह बातचीत आकाशवाणी, पटना से शाम छह बज कर पांच मिनट से सुनी जा सकती है।

———————————————————

चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देश भर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। इसे महावीर जन्म कल्याणक के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर वैशाली और नालंदा के कुंडलपुर में विशेष पूजा की गई। कुंडलपुर के दिगंबर जैन मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच भगवान महावीर की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक भी किया गया। भगवान महावीर के परिनिर्वाण स्थल नालंदा के पावापुरी में भी तीर्थंकर की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर जैन श्रद्धालुओं ने आज सुबह शोभा यात्रा निकाली। वहीं, वैशाली में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महावीर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में सबसे अधिक एक सौ सोलह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, सुपौल में एक सौ दस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधुबनी, सीतामढी, शिवहर, गोपालगंज, सीवान, बक्सर, कैमूर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर, राजधानी पटना और आस—पास के हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है।

———————————————————

होम्योपैथ के जन्मदाता सैमुएल हानीमैन की जयंती आज विश्व होम्यापैथ दिवस के रूप में मनायी जा रही है। बिहार में पहली बार हानीमैन जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर राजधानी पटना में आयोजित मुख्य समारोह में

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर होम्योपैथ को बढ़ावा देने वाले चिकित्सकों और अधिकारियों को सम्मानित किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।